भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1983

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

नए जुआरी पुल पर रिवाल्विंग रेस्त्रां का निर्माण

1983. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नए जुआरी पुल, जिसे मनोहर सेतु के नाम से भी जाना जाता है, पर एक वेधशाला मीनार के साथ-साथ एक रिवाल्विंग रेस्त्रां भी बना रही है और यदि हाँ, तो ऐसी मीनार और रेस्त्रां की आवश्यकता या महत्व के क्या कारण हैं;

(ख) मीनार और रेस्त्रां के निर्माण की क्रमशःअनुमानित लागत कितनी है;

(ग) पुल के नीचे बहने वाली जुआरी नदी को ध्यान में रखते हुए लोगों/ग्राहकों को मीनार और रेस्त्रां के वास्तविक स्थल तक सड़क, हवाई या नौका द्वारा लाने का क्या तरीका है;

(घ) स्थल तक लोगों को लाने वाले वाहनों के लिए पार्किंग के स्थान का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) निर्माण कब तक पूरा होने की अपेक्षा है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) वेधशाला मीनार के निर्माण के साथ-साथ नए जुआरी पुल पर एक रिवाल्विंग रेस्त्रां का मामला गोवा राज्य सरकार से संबंधित है और सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की भूमिका सैद्धांतिक रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने तक सीमित है।

*****